भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1080
उत्तर देने की तारीख : 08.02.2024

एमएसएमई क्षेत्र में नियोजित कामगार

1080. श्रीमती संगीता आज़ाद:

क्या *सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम* मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में नियोजित कामगारों की संख्या के संबंध में जानकारी उपलब्ध है और यदि हा, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार के पास सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में नियोजित कामगारों की सामाजिक सुरक्षा और कार्य सुरक्षा के संबंध में आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का इसे अपनी अगली राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) रिपोर्ट में शामिल करने विचार का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क): उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत एमएसएमई में नियोजित व्यक्तियों की संख्या दिनांक 05.02.2024 तक 16,86,64,562 (दिनांक 01.07.2020 से 05.02.2024 तक) है। राज्य/संघ-राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) और (ग): वर्ष 2015-16 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा गैर-निगमित गैर-कृषि उद्यमों पर कराए गए राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 73वें दौर और गैर-निगमित क्षेत्र के उद्यमों पर जारी वार्षिक सर्वेक्षण में बीमा, भविष्य निधि तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा संबंधी स्कीमों में कार्मिकों को क्षतिपूर्ति ब्लॉक के अंतर्गत किए गए योगदान के संबंध में (औसतन मासिक रूप से) सूचना एकत्र की जाती है।

सरकार विभिन्न अधिनियमों, जिनमें कर्मचारी भविष्य निधि तथा विविध प्रावधान अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948, उपदान भुगतान अधिनियम, 1972, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923, मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 शामिल हैं, के अंतर्गत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है।

*****

<u>अनुबंध I</u>

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1080, जिसका उत्तर दिनांक 08.02.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

उद्यम पंजीकरण पोर्टल तथा उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म के अंतर्गत रिपोर्ट किया गया राज्य/संघ-राज्य क्षेत्रवार कुल रोजगार				
क्र.सं.	राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र	रोजगार		
		उद्यम पंजीकरण पोर्टल*	उद्यम असिस्ट प्लेटफार्म#	कुल
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	6,647,614	2,018	6,649,632
2	आंध्र प्रदेश	109,049	984,995	1,094,044
3	अरुणाचल प्रदेश	2,980,583	8,841	2,989,424
4	असम	6,175,627	157,987	6,333,614
5	बिहार	1,814,678	1,235,532	3,050,210
6	चंडीगढ़	274,770	8,223	282,993
7	छत्तीसगढ	9,466,841	295,427	9,762,268
8	दिल्ली	4,951,976	188,961	5,140,937
9	गोवा	808,691	20,195	828,886
10	गुजरात	2,672,196	606,375	3,278,571
11	हरियाणा	11,835,508	240,370	12,075,878
12	हिमाचल प्रदेश	2,991,336	18,518	3,009,854
13	जम्मू और कश्मीर	5,805,016	35,123	5,840,139
14	झारखंड	18,092,279	451,925	18,544,204
15	कर्नाटक	447,734	850,325	1,298,059
16	केरल	91,196	412,148	503,344
17	लद्दाख	142,897	1,110	144,007
18	लक्षद्वीप	130,125	714	130,839
19	मध्य प्रदेश	4,074,756	1,373,957	5,448,713
20	महाराष्ट्र	4,225,436	1,286,896	5,512,332
21	मणिपुर	9,185,023	34,089	9,219,112
22	मेघालय	46,271	6,179	52,450
23	मिजोरम	17,098,714	8,911	17,107,625
24	नागालैंड	9,285,711	17,316	9,303,027
25	ओडिशा	468,042	582,023	1,050,065
26	पुडुचेरी	14,207,019	24,345	14,231,364
27	पंजाब	1,378,625	206,479	1,585,104
28	राजस्थान	8,815,141	495,452	9,310,593
29	सिक्किम	229,993	2,474	232,467
30	तमिलनाडु	292,537	995,891	1,288,428
31	तेलंगाना	5,439,602	662,669	6,102,271
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	1,840,101	3,066	1,843,167
33	त्रिपुरा	40,065	147,449	187,514
34	उत्तर प्रदेश	3,105	1,958,956	1,962,061
35	उत्तराखंड	218,892	96,368	315,260
36	पश्चिम बंगाल	192,268	2,763,838	2,956,106
	कुल:-	152,479,417	16,185,145	168,664,562

*दिनांक 01.07.2020 से 05.02.2024 तक , # दिनांक 11.01.2023 से 05.02.2024 तक